>

Title: Need to develop tourism circuit by linking all tourist sites of Tripura.

सुश्री प्रतिमा भौमिक (त्रिपुरा पश्चिम): माननीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं । आपके माध्यम से मैं टूरिज्म मिनिस्टर का ध्यान मेरे स्टेट की तरफ दिलाना चाहती हूं क्योंकि त्रिपुरा स्टेट का नाम 51 पीठों में से एक 'त्रिपुर सुन्दरी' के नाम पर पड़ा है । हमारे यहां बहुत कुछ है। वहां उनाकोटि का मन्दिर है, डुम्बुर लेक है, जामपुई हिल्स है, छबीपुरा है । जैसे राजस्थान के उदयपुर में तालाब में राजमहल है, वैसा ही हमारे स्टेट में भी है । लेकिन, उसका कोई एक्सपोजर नहीं है । वर्ष 2018 में हमारे यहां मोदी जी के आशीर्वाद से बी.जे.पी. की सरकार बनी तो उसके बाद इसे थोड़ा एक्सपोजर मिला है ।

महोदय, इतने महत्वपूर्ण कल्चरल, आर्किलॉजिकल, धार्मिक और पर्यावरण स्थल हमारी स्टेट में हैं । हमारी स्टेट को प्रकृति ने पूरा सजाकर रखा है । इसलिए आपके माध्यम से पर्यटन मंत्री से मैं अनुरोध करती हूं कि त्रिपुरा के सभी पर्यटन स्थलों को जोड़कर एक टूरिज्म सर्किट बनाकर त्रिपुरा के पर्यटन को विकसित किया जाए ताकि पर्यटन के क्षेत्र में त्रिपुरा को एक नई पहचान मिले ।

महोदय, हमारे यहां करीब सात लाख बेरोजगार हैं । उन्हें भी रोजगार मिले, इसके लिए मैं आपके माध्यम से पर्यटन मंत्रालय से निवेदन करती हूं कि हमारे स्टेट को टूरिज्म सर्किट में लिया जाए ।

HON. CHAIRPERSON : Shri Ganesh Singh and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Pratima Bhoumik.

Dr. M. K. Vishnu Prasad ---- Not present